पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

राज्यपाल से मिली ए++ ग्रेड प्राप्त चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की नैक ग्रेडिंग हेतु तैयारियाँ करने वाली टीम

अन्य विश्वविद्यालयों के मार्ग–दर्शन हेतु विश्वविद्यालय में की गई तैयारियों की पुस्तक बनाएं

विश्वविद्यालय में स्वच्छता और शैक्षिक गुणवत्ता में निरंतरता बनाए रखें

तैयारियों के लिए गठित टीम अपने कार्यों को यथावत् करती रहे

क्यू0एस0 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए अग्रसर हो विश्वविद्यालय

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

राजभवन से प्राप्त दिशा–निर्देशों ने विश्वविद्यालय की तैयारियों को उच्चतम गुणवत्ता तक पहुँचाया

–कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला

———————

लखनऊः 15 मार्च, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहाँ राजभवन में ए++ नैक ग्रेडिंग प्राप्त चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला तथा नैक तैयारियों के लिए गठित विश्वविद्यालय की टीम के सदस्यों ने मुलाकात की। कुलपति एवं टीम के सभी सदस्यों ने नैक में उच्चतम ग्रेड प्राप्ति के लिए प्रेरित करने और व्यापक दिशा–निर्देश देने हेतु राज्यपाल जी का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों से समस्त क्राइटेरिया वाइज तथा विश्वविद्यालय की समस्त गुणवत्ता सुधार के लिए की चरणबद्ध तैयारियों, समग्र योगदानों पर पुस्तक तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ये पुस्तक नैक ग्रेडिंग की तैयारी कर रहे समस्त विश्वविद्यालयों को प्रेषित की जाए, जिससे वे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर विश्वविद्यालय की गुणवत्ता सुधार कर नैक हेतु बेहतर तैयारी कर सकें।

राज्यपाल जी ने टीम के सभी सदस्यों को प्रद्त्त जिम्मेदारियों को सफलताहपूर्वक सम्पन्न करके उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे अपने कार्यों को यथावत करते रहें, जिससे पांच साल बाद पुनः नैक ग्रेडिंग के अवसर पर उन्हें कोई भी अतिरिक्त प्रयास न करने हो। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने और शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति के साथ गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

नैक में ए++ ग्रेडिंग प्राप्त करके विश्वविद्यालय की उल्लसित टीम को गति प्रदान करते हुए राज्यपाल जी ने आगामी क्रम में क्यू0एस0 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के लिए अग्रसर होने को कहा। राज्यपाल जी ने नैक तैयारियों हेतु क्राइटेरिया वाइज गठित विश्वविद्यालय की टीम के प्रत्येक सदस्य से तैयारियो ंऔर नैक की पियर टीम के भ्रमण के अनुभव भी पूछे। कुलपति प्रो0 संगीता शुक्ला ने राज्यपाल

जी को बताया कि राजभवन में नैक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा और राज्यपाल जी से प्रत्येक बिंदु पर समुचित दिशा–निर्देश ने विश्वविद्यालय की तैयारियों को उच्चतम गुणवत्ता तक पहुँचाया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राज्यपाल जी के प्रयास से नैक मंथन कार्यशाला में प्रतिभागिता, पूना में भ्रमण, राजभवन में 20 देशों के भारतीय राजदूतों से मुलाकात और विचार–विमर्श जैसी गतिविधियों से विश्वविद्यालय में नैक क्राइटेरिया में वांछित गुणवत्ता से भी कहीं अधिक गुणवत्ता सुधार कर सकने की क्षमता हुई। उन्होंने राज्यपाल जी को जानकारी दी कि पियर टीम द्वारा ये भी पूछा गया कि विश्वविद्यालय स्तर पर प्रगति के आगामी दृष्टिकोण क्या हो सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता की चर्चा भी राज्यपाल जी से की। टीम के अन्य सदस्यों ने भी तैयारियों के लिए किए गए विशेष प्रयासों की चर्चा राज्यपाल जी से की।

बैठक में विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय की टीम तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

——————

डा0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश